## नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**तारानगर।** भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने तारानगर के उप जिला अस्पताल तारानगर में क्षेत्र के राजेन्द्र, शिवकुमार, महेंद्र सरावगी परिवार के सौजन्य से लॉयंस क्लब द्वारा आयोजित "निःशुल्क मोतियाबिंद जाँच एंव नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर" का शुभारंभ किया। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि तारानगर में नैत्र चिकित्सा शिविर के माध्यम से लॉयंस क्लब द्वारा आमजन को बेहतरीन सुविधा उपलब्ध करवाना मानवता की दृष्टि से शानदार कार्य है जांगिड़ ने आयोजक भामाशाह सरावगी परिवार एंव लॉयस क्लब का धन्यवाद ज्ञापित किया।उप अस्पताल के पीएमओ डॉ मोतीलाल सोनी के साथ नेत्र चिकित्सा शिविर का अवलोकन करते हुए भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आगामी शिविर भामाशाह विमल सुराणा द्वारा आयोजित करवाने की घोषणा के लिए धन्यवाद अर्पित किया। लॉयंस क्लब अध्यक्ष कृष्णा सोनी, जमरदीन तैली, रक्षा, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, प्रदीप खंडेलवाल , अनूप खंडेलवाल, इंद्र दायमा सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# क्रय विक्रय सहकारी समिति में डी.ए.पी. खाद व यूरिया की काला बाजारी व गबन का आरोप

- **समिति के कृषक सदस्य प्रभु दयाल ने राजस्थान सरकार सहित उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर जांच करने की मांग की**

**तारानगर,(निसं)।** तारानगर के क्रय विक्रय सहकारी समिति में डीएपी खाद व यूरिया खाद की कालाबाजारी कर गबन करने एवं जमाखोरी करने की जांच की मांग को लेकर क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के कृषक सदस्य प्रभुदयाल सहारण ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, सहायक कृषि अधिकारी, निदेशक कृषि विभाग आदि को पत्र लिखा है। सहारण ने पत्र में लिखा है कि तारानगर क्रय विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड तारानगर के मुख्य व्यवस्थापक द्वारा अध्यक्ष के साथ मिलीभगती कर पिछले 18 महिनों से डी.ए.पी. खाद व युरिया खाद को गलत तरीके से समिति कार्य क्षेत्र के बाहर के अपने चहेते गैर किसान लोगों को वितरीत कर समिति के कार्य क्षेत्र में आने वाले किसानों व समिति के कृषक सदस्यों को जानबूझकर वंचित रखा जा रहा है अभी वर्ष 2024 में माह अक्टूबर में आई डी.ए.पी. खाद को तारानगर तहसील के समिति कार्य क्षेत्र के व समिति कृषक सदस्यों को बांटने की बजाय कालाबाजारी कर मुनाफा कमाने के उदेश्य से बिना कृषिभूमि धारक के अपने निजी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने के उदेश्य से समिति के कार्य क्षेत्र से बाहर के लोगों को गलत तरीके से गाड़ी भरवाकर कालाबाजारी करके ऊंचे दाम पर बेचा है जो गलत तरीके से भरवाई गई गाड़ियों की रिकॉर्डिंग समिति में लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों में मौजुद है, कृषि विभाग के नियमानुसार कार्य क्षेत्र से बाहर वितरण किसी भी हालत में नहीं किया जा सकता है तथा किसान सबंधी दस्तावेज जमाबंदी / पासबुक पेश करने पर ही खाद का वितरण सबंधित किसान को किया जाता है परन्तु व्यवस्थापक व अध्यक्ष द्वारा गलत तरीके से डी.ए.पी.खाद व युरिया खाद अपने चहेते व्यक्तियों को देने से समिति कार्य क्षेत्र में आने वाले हजारों किसान वंचित रह गये है जिनको सरसों व चने की बिजाई में बिना खाद भयकर सकंट का सामना करना पड़ रहा है समिति अध्यक्ष भगवानदास स्वामी जो एक रिश्वतखोरी व जमाखोरी गिरोह के व्यक्तियों से मिला व्यक्ति होने के कारण अपने पद व प्रभाव का दुरूपयोग करते हुए मुख्य व्यवस्थापक के साथ मिलीभगती से क्षेत्र के किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा कर रहा है तथा समिति कार्य क्षेत्र में आने वाले किसानों व समिति के व्यक्तिगत कृषक सदस्यों को नैनों-डी.ए.पी. / नैनो युरिया की बोतल जबरदस्ती तरीके से उनको लेने पर मजबूर करता है जबकि राजस्थान सरकार कृषि विभाग आदेशानुसार किसानों को नैनो-डी.ए.पी. / नैनों युरिया खरीदने पर मजबूर नही किया जा सकता तारानगर तहसील के किसान मुख्य व्यवस्थापक व अध्यक्ष की इस कार्यशैली से काफी दुखी व परेशान है, पात्र किसानों को डी.ए.पी. खाद व युरिया खाद जानबूझकर उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है। वर्तमान समय में भी समिति के मुख्य व्यवस्थापक द्वारा वर्ष 2024 माह अक्टूबर में आई डी.ए.पी. / युरिया खाद को अध्यक्ष के साथ मिलीभगती कर समिति कार्य क्षेत्र से बाहर के अपने निजी चहेते लोगों के साथ कालाबाजारी से रिश्वत लेकर नाजायज तरीके से उनको लाभ पहुंचाने के उदेश्य से गाड़िया भरवाई गई है तथा पोस मशीन में गलत तरीके से युरिया खाद को दर्ज कर व्यवस्थापक द्वारा रिश्वतखोरी व गबन के उदेश्य से आज भी गोदाम में गलत तरीके से लगभग 200-300 कट्टो की अवैध रूप से जमाखोरी कर रखी है जिसकी जांच गोदाम में जमाखोरी के रूप में रखे कट्टों को तुरन्त प्रभाव से जब्त कर तथा समिति की पोस मशीन को कब्जे में लेकर उसके प्रिंटेड रिकॉर्ड व वितरण रजिस्टर व स्टोक रजिस्टर को जब्त कर वितरण के भौतिक सत्यापन की जांच करने पर इनके काले कारनामों की कड़िया खुलेगी तथा समिति मुख्य व्यवस्थापक व अध्यक्ष भगवानदास स्वामी के कार्यकाल दिनांक 31.03.2024 से लेकर आज तक सम्पूर्ण डी.ए.पी. व युरिया खाद वितरण बाबत जांच की जावें तथा इनके कार्यकाल में चनों व मुगों की खरीद में रिश्वतखोरी से अपने चहेतों को घटिया अनाज की तुलवाई करवाकर सरकार को मिलावटी माल बेचा है उसकी भी जांच की जावें। कानूनन रूप से प्रत्येक किसान से जमाबंदी की प्रति व आधार कार्ड प्रति मंगवाकर प्रत्येक किसान को कम से कम पांच कट्टे व अधिकतम दस कट्टे डी.ए.पी. खाद / युरिया खाद प्रत्येक किसान को दी जाती है तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की निगरानी में वितरण की जाती है बिना जमाबंदी के गैर किसान व्यक्ति को डी.ए.पी. खाद / युरिया खाद नहीं दी जाती है।

## ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन

**उदयपुरवाटी,** (निसं.)। राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला के प्रदेश नेतृत्व व जिला कार्यकारिणी के निर्देशानुसार नीमकाथाना जिला अंतर्गत आज उदयपुरवाटी इकाई का गठन किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ सुमेर कालश ने बताया कि ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन पर्यवेक्षक कैलाश बागड़ी एवं निर्वाचन अधिकारी विजय लाम्बा व सहायक निर्वाचन अधिकारी नेकी राम गोठवाल के निर्देशन में किया गया। ब्लॉक के प्राध्यापकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सुभाष चंद सैनी ब्लॉक अध्यक्ष, प्रकाश चंद सैनी ब्लॉक मंत्री, अनिता मीणा ब्लॉक उपाध्यक्ष, बहादुर मल सभाध्यक्ष एवं मुकेश कुमार सैनी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस अवसर पर जिला मंत्री कमल किशोर , जिला सभाध्यक्ष नरेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष जय सिंह, चेतराम , रामस्वरूप सैनी सहित कई व्याख्याता उपस्थिति रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लाखलाण पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/ दिनांकः-14.10.2024

**ई-निविदा सूचना 05/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.raj.gov.in पर दिनांक 15.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे से 24.10.2024 को सांय 6.00 तक देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। दिनांक 25.10.2024 को सांय 5.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 05/2024-25

NIB No-ZCR2425A0516

UBN No- 1. ZCR2425WSOB01077

2.ZCR2425WSOB01078

सरपंच

ग्राम पंचायत, लाखलाण

पंचायत समिति राजगढ़

## राज्य पुरस्कार स्काउट टैस्ट कैंप प्रारंभ

- **स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट जांच शिविर का आयोजन 21 से 23 तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर आयोजित किया जा रहा है**

**झुंझुनू।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट जांच शिविर का आयोजन 21 से 23 अक्टूबर तक स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर आयोजित किया जा रहा है। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि प्रथम दिन 20 अक्टूबर को जिले के 50 विद्यालयों के 275 स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार टेस्ट के लिए स्काउट कार्यालय पहुंचे। प्रथम दिन स्काउट्स को परीक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश एवं जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात इनका राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा नियुक्त राज्य स्तरीय परीक्षक दल द्वारा परीक्षा ली जाएगी एवं उत्तीर्ण होने वाले स्काउट्स को 22 फरवरी 2025 को महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य पुरस्कार अवार्ड से नवाजा जाएगा। शिविर की पूर्व तैयारी के लिए नाहरसिंह गिल, भंवरलाल मीना, विजय गर्वा, शक्ति सिंह, मूलचंद मूंड, दशरथलाल सैनी, प्रवीण कुमार, बंशीलाल, बृजमोहन कुमावत, मनोज शर्मा, जयपाल सिंह, रामदेव सिंह, जयसिंह जानूं, जोगेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, कविराज, कपिल शर्मा, रवेंद्र यादव, अमरचंद, दिनेश कुमार, नवीन गौतम आदि द्वारा राज्य पुरस्कार के लिए पूर्व तैयारी करवाई जा रही है।

शिविर का संचालन सीओ स्काउट महेश कालावत द्वारा किया जा रहा है तथा मुख्य परीक्षक के रूप में चुरू जिले के सहायक लीडर ट्रेनर रज्जाक खान को प्रतिदिन नियुक्त किया गया है। शिविर के दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## भारतीय युवा अग्रवाल समाज के प्रदेश महामंत्री बने

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी,** (निसं.)। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता व व्यवसायी संदीप बजाज युवा अग्रवाल समाज के प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनीत हुए हैं। यह जानकारी देते हुए अखिल भारतीय युवा अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष रोहित जैन ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में बजाज की सक्रियता, समाज के प्रति विशेष जुड़ाव व समर्पण भाव को देखते हुए अखिल भारतीय युवा अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल की सहमति, अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भूत की अनुशंसा एवं समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजीलाल अग्रवाल के निर्देश पर अखिल भारतीय युवा अग्रवाल समाज का राजस्थान प्रदेश का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि बजाज पिछले एक दशक से भी अधिक समय से सामाजिक क्षेत्र व अग्रवाल समाज में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। इससे पहले बजाज लक्ष्मणगढ़ अग्रवाल नवयुवक मंडल के मंत्री पद का दायित्व निभा चुके राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं।

# 'टिकट मायने नहीं रखती, जनता का आशीर्वाद ही जीत है'

- **भांबू को उम्मीदवार बनाने पर भाजपा युवा नेता बबलू चौधरी ने बगावती तेवर दिखाए।**

**झुंझुनूं,** । झुंझुनूं विधानसभा उप चुनाव में भाजपा द्वारा राजेंद्र भांबू को उम्मीदवार बनाया गया। भांबू को उम्मीदवार बनाने पर भाजपा युवा नेता बबलू चौधरी ने बगावती तेवर दिखाए। झुंझुनूं में भाजपा ने बबलू चौधरी का टिकट काटकर राजेंद्र भांबू को उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद बबलू चौधरी विरोध में उतर गए। 2023 विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राजेंद्र भांबू का टिकट काटकर बबलू चौधरी को प्रत्याशी बनाया था। इस पर राजेंद्र भांबू ने बगावत कर दी थी और निर्दलीय चुनाव लड़ा था। अब बबलू चौधरी का टिकट काट दिया। बबलू चौधरी ने रविवार को अपने घर पर समर्थकों की बैठक बुलाई। चौधरी ने कहा मैं किसी भी रूप में यह बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं कि 10 साल से मेरे कार्यकर्ता हैं, मेरी जनता है। टिकट किसी और को मिल जाए और कार्यकर्ता का अपमान हो। वे ये सोचे कि बबलू चौधरी तो हमें मझधार में छोड़ गया, मैं यह बर्दाश्त नहीं करूंगा। जो मेरी जनता, मेरे कार्यकर्ता निर्णय देंगे, मैं उसी पर चलूंगा। इसीलिए हम यहां पर एकत्रित हुए हैं।

**आप कहेंगे तो चुनाव लड़ूंगा**

बबलू चौधरी ने कार्यकर्ताओं से कहा अगर आप कहेंगे तो फॉर्म लाया हुआ तैयार पड़ा है। आप कहेंगे तो 2 मिनट में आपकी ताकत के साथ जाकर भर आएंगे। किसी से डरेंगे नहीं। मैं ऊपर वाले के अलावा किसी से डरता नहीं हूं। मैं आपकी नजरें नीची नहीं होने दूंगा। यह मैं आपसे वादा करता हूं। मैं हारा हुआ प्रत्याशी हूं लेकिन मैं अपने क्षेत्र के विकास के लिए किसी से डरेंगे नहीं। मैंने अपने क्षेत्र के विकास के लिए मंत्रियों से लड़ाई लड़ी है मेरे बिना झुंझुनूं में कमल नहीं खिलेगा। उन्होंने कहा प्रभारी मंत्री एक दिन खड़े थे। मैंने उन्हें कहा कि अगर झुंझुनूं में कमल खिलेगा तो बबलू चौधरी के घर से होकर जाएगा। नहीं तो दिमाग से ही निकाल देना कि झुंझुनूं में कभी कमल खिल सकता है। जो गंदगी फैला रहे हैं, उसका विरोध करने को तैयार हूं।

मैं जिस दिन राजनीति में आया मैंने अपनी जनता को छोड़ा नहीं कभी धोखा नहीं दिया। मैंने जिस समय गांवों में भाजपा का विरोध था उस समय कमल संदेश यात्रा निकाली और कार्यकर्ताओं को जोड़ा। कांग्रेस सरकार में भी मैंने काफी आंदोलन किए इसका गवाह ये जनता है। मैंने आज ये बैठक कोई ताकत दिखाने के लिए नहीं की है। मुझे ताकत दिखानी होगी तो मैं पैटियों में ताकत दिखा दूंगा आप सबके के भरोसे पर। मुझे पद की कोई लालसा नहीं है। मैं जनता की सेवा करने वाला हूं। वहीं उन्होंने वहां मौजूद कार्यकर्ताओं से आ ान करवाया कि अगर आप कहोगे तो मैं हाथ जोड़कर अपने घर बैठने को तैयार हूं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ठिमाऊ छोटी पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/ दिनांकः-14.10.2024

**ई-निविदा सूचना 03/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 21.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन 02.00 बजे तक प्राप्त कर सांय 04.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 03/2024-25

NIB No-ZCR2425A0515

UBN No- 1. ZCR2425WSOB01069

2.ZCR2425WSOB01070

3.ZCR2425WSOB01071

4.ZCR2425WSOB01072

5.ZCR2425WSOB01073

6.ZCR2425WSOB01074

7. ZCR2425WSOB01075

8. ZCR2425WSOB01076

रिना कुमारी

सरपंच

ग्राम पंचायत, ठिमाऊ छोटी

पंचायत समिति राजगढ़

# राजगढ़ में हत्या मामले में पांच साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

- **गिरफ्तार आरोपी पर था 20 हजार रुपए का ईनाम घोषित**
- **पांच साल से ठिकाने बदल-बदल कर पुलिस को दे रहा था चकमा**

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ में लगभग पांच वर्ष पूर्व दिनदहाडे गोलियां बरसाकर एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी की हत्या के मामले में फरार तथा 20 हजार रुपए का इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार शाम को करीबन चार बजे के आसपास न्यायाल में पेश कर जेल भिजवाया दिया है। मामले में राजगढ़ थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गैंगस्टर संपत नेहरा टीम का सदस्य है तथा संपत नेहरा जेल में रहकर आपसी रंजिश के चलते व्हाट्सएप कॉलिंग के माध्यम से अपने शूटरों से हत्या को अंजाम दिया था। तथा प्रकरण में वांछित आरोपी नवीन पुत्र भीमसिंह निवासी नांधा हरियाणा प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही लगातार पांच साल से फरार चल रहा था। वहीं पुलिस घटना के बाद से ही आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार प्रयास कर रही थी, लेकिन आरोपी नवीन अपने ठिकाने बदल-बदल कर पुलिस को चकमा दे रहा था। घटना के बाद से ही जिला पुलिस अधीक्षक की ओर से आरोपी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायधीश ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश दिए हैं। फरार अभियुक्त नवीन हरियाणा की गिरफ्तारी किया।

## महर्षि बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**रतनगढ़(निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्र व्यापी सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत रविवार कोभारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल द्वारा पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि को भाजपा का सक्रिय सदस्य बनाया गया।इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि अभी प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य बनने के दोनों पोर्टल शुरू है इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक प्राथमिक सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बनना चाहिए।

शहर मण्डल सयोंजक महेश सैनी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर अब तक सदस्यता से वंचित कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाना चाहिए अभी भी शहर के 44 बूथों में बहुत कार्यकर्ता सदस्यता से वंचित है।

# 'उप राष्ट्रपति के परिवार से नजदीकियों का मिला फायदा'

- **भाजपा से राजेंद्र भांबू की टिकट की फाइनल होने की अंदर की कहानी**

**झुंझुनूं,** । शनिवार को भाजपा ने उप चुनावों को लेकर अपने पत्ते खोले। भाजपा नेता राजेंद्र भांबू पर एक बार भाजपा ने दांव खेला है और उन्हें उप चुनावों के लिए टिकट दिया है। भाजपा नेता भांबू को टिकट कैसे मिली, यह सवाल सभी के मन में है। अलग-अलग राजनैतिक जानकारों के अपने-अपने कयास है। लेकिन माना जा रहा है कि आम चुनाव 2023 की तरह उप चुनावों में भी उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के परिवार की महत्वपूर्व भूमिका रही है। हालांकि उप राष्ट्रपति खुद राजनैतिक दखलअंदाजी नहीं करते है। लेकिन फिर भी उनके परिवार के सदस्यों से नजदीकियों के कारण भांबू को टिकट मिला है। जो नजदीकियां पिछली बार आम चुनाव 2023 में बबलू चौधरी की थी। इस बार वैसी ही नजदीकियां और रिश्ते भांबू से बने थे। इसलिए यह टिकट फाइनल हुआ। वहीं भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहनदास अग्रवाल व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के अलावा प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का फीडबैक भी काम आया। इधर, टिकट फाइनल होने के बाद रविवार को दिनभर भांबू के अग्रसेन सर्किल स्थित निवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी समेत बीजेपी के तमाम नेताओं ने भांबू से मिलकर बधाई दी और चुनावों में सहयोग देने का वायदा किया। भांबू ने बताया कि चुनावों को लेकर समय कम है। इसलिए जल्द ही चुनावी दौरों का कार्यक्रम तय कर शुरू किया जाएगा।

**महानिदेशालय पुनर्वास रक्षा मंत्रालय**

**जॉब फेयर- जयपुर**

25 अक्टूबर 24 - 07.00 पूर्वान्ह से (पंजीकरण प्रात 10.00 बजे तक)

Venue: Gandiv Stadium, Near Vijay Dwar, Vaishali Nagar, Jaipur Cantonment

एसआईडीईएम | सीआईआई

**आवश्यक दस्तावेज**

ईएसएम आई कार्ड और फोटोग्राफ के साथ नवीनतम सीवी/बायोडेटा की पांच प्रतियां

**ईएसएम नौकरी चाहने वालों के लिए लाभ**

शीर्ष सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/कॉर्पोरेटों (नियोक्ता) के भर्तीकर्ताओं से बातचीत करें, परेशानी मुक्त भर्ती प्रक्रिया

अनेक नौकरी के अवसरों तक निशुल्क पहुंच

**नियोक्ताओं के लिए लाभ**

अनुभवी प्रतिभा पूल तक निशुल्क पहुंच

ऑनलाइन पंजीकरण करें और अपनी कंपनी का स्टॉल www.dgrindia.gov.in पर बुक करें

पहले आओ पहले पाओं के आधार पर आवंटन

आगे की पूछताछ और सहायता के लिए कृपया संपर्क करें-

संयुक्त निदेशक (एसई एवं सीआई)

पुनर्वास महानिदेशालय

वेस्ट ब्लॉक-IV आरके पुरम, नई दिल्ली-110066

टेलीफोन (कार्यालय) 011-20862542

ईमेल-seopadgr@desw.gov.in

वेब- http://www.dgrindia.gov.in

डीआरजेड (पश्चिम) चंडीमंदिर

टेलीफोन (कार्यालय) 0172-2589612/2554065

ईमेल-drzwcdm@desw.gov.in

ईएसएम एवं स्थल पूछताछ

Maj Khim Singh: 8006540177

उप अजय-9906331148

CBC 10401/11/0013/2425

# खनन माफियाओं ने श्मशान के लिए रास्ता भी नहीं छोड़ा



खनन का कारोबार करने वाले लोग शमशानों में जाने के लिए रास्ता तक नहीं छोड़ रहे हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में स्थानीय प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला है।

**पाटन,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम मीणा की नांगल में खनन का कारोबार करने वाले लोग शमशानों में जाने के लिए रास्ता तक नहीं छोड़ रहे हैं, जिसको लेकर ग्रामीणों में स्थानीय प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला है।

मीणा की नांगल गांव के लोगों ने बताया कि गांव में एक मौत हो गई थी जिसके दाह संस्कार के लिए जब शव को लेकर श्मशान भूमि में पहुंचे तो वहां शमशानों में जाने वाले रास्ते पर खनन करने वाले लोगों ने मिट्टी डालकर रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। इस बारे में ग्रामीणों ने जब खनन करने वाले लोगों से कहा तो माफियाओं ने कहा कि शमशान में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। यह सब प्लीज एरिया है। जबकि पूर्व में ग्रामीणों द्वारा स्थानीय प्रशासन को अवगत भी करवा दिया गया था की माफियाओं द्वारा शमशानों पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा है, उसके बावजूद भी स्थानीय प्रशासन ने शमशानों का रास्ता तक नहीं दिलवाया, जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरू बड़ी पंचायत समिति, राजगढ़ (चूरू)**

क्रमांकः-ग्राम.प/ई-निविदा/2024-25/ दिनांकः-18.10.2024

**ई-निविदा सूचना 03/2024-25**

राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से निम्नांकित निर्माण कार्य करवाने के लिए ग्राम पंचायत मुख्यालय पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण तथा शर्तें www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा दिनांक 28.10.2024 को प्रातः 10.00 बजे से 12.00 बजे तक बेची जाकर उसी दिन 02.00 बजे तक प्राप्त कर सांय 04.00 बजे खोली जावेगी।

ई-निविदा सूचना 03/2024-25

NIB No-ZCR2425A0518

UBN No- ZCR2425WSOB01082, ZCR2425WSOB01083, ZCR2425WSOB01083, ZCR2425WSOB01084, ZCR2425WSOB01085, ZCR2425WSOB01086, ZCR2425WSOB01087, ZCR2425WSOB01088, ZCR2425WSOB01089, ZCR2425WSOB01090, ZCR2425WSOB01091, ZCR2425WSOB01092, ZCR2425WSOB01093, ZCR2425WSOB01094, ZCR2425WSOB01095, ZCR2425WSOB01096, ZCR2425WSOB01097, ZCR2425WSOB01098, ZCR2425WSOB01099, ZCR2425WSOB01100, ZCR2425WSOB01101, ZCR2425WSOB01102, ZCR2425WSOB01103

सरपंच

ग्राम पंचायत खैरू बड़ी

पंचायत समिति राजगढ़

